# कार्यालय प्रधानाचार्य, महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कालेज झाँसी।

पत्रॉक–5580 /छात्रवृत्ति/2025/एस0सी0–3 दिनॉक: 22–11–2025

## आवश्यक सूचना

इस कार्यालय के पत्र संख्या 3057 /छात्रवृत्ति/2025/एस0सी0–3 दिनॉक 30–07–2025 एवं पत्र संख्या 5168/छात्रवृत्ति/2025/एस0सी0–3 दिनॉक 06–11–2025 के द्वारा कालेज में अध्ययनरत् **अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग एवं सामान्य वर्ग** के छात्र/छात्राओ को पुनः सूचित किया जाता है कि दशमोत्तर छात्रवृत्ति शैक्षिक सत्र 2025–26 के लिए इच्छुक पात्र छात्र–छात्राएँ आवेदन आनलाइन उत्तर प्रदेश छात्रवृत्ति की वेबसाइट **http://scholarship.up.nic.in** पर करेंगें आवेदन करने के उपरान्त प्रिन्ट निकालकर सभी संलग्नकों सहित दो प्रतियों में प्रधानाचार्य कार्यालय के छात्रानुभाग मे निम्नखित तालिकानुसार जमा करेगें जिससे छात्रवृत्ति फार्म कार्यालय द्वारा समय से सामजकल्याण विभाग को अग्रसारित किये जा सकें।

| कम संख्या | बैच | दि0 11–11–2025 से दि0 17–11–2025 रोल न0 | दि0 18–11–2025 से दि0 25–11–2025 रोल न0 | दि0 26–11–2025 से दि0 02–12–2025 रोल न0 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2021–22 | 01 से 50 तक | 51 से 100 तक | 101 से 150 |
| 2 | 2022–23 | 01 से 50 तक | 51 से 100 तक | 101 से 150 |
| 3 | 2023–24 | 01 से 50 तक | 51 से 100 तक | 101 से 150 |
| 4 | 2024–25 | 01 से 50 तक | 51 से 100 तक | 101 से 150 |
| 5 | 2025–26 | 01 से 50 तक | 51 से 100 तक | 101 से 150 |

छात्रवृत्ति का प्रेषण आधार कार्ड बेस्ड होगा। सभी छात्र –छात्राए अपने सम्बन्धित बैंक जा कर आपना बैक खाता NPCI Mappdr पर Map आवश्य करा ले अन्यथा कि स्थिति में छात्र– छात्राए छात्रवृत्ति योजना के लाभन्वित होने से वांचित हो सकते है।

फार्म भरते समय छात्र सभी प्रविष्टियॉ ध्यान से भरें, अन्यथा की स्थिति में, फार्म में प्रवष्टि गलत होने पर या संलग्नक छूट जाने की दशा में यदि कोई छात्र लाभ से वंचित रह जाता है, तो इसका सम्पूर्ण उत्तर दायित्व स्वयं छात्र– छात्राए का होगा। दशामोत्तर छात्रवृत्ति की जानकारी छात्रवृत्ति वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

### छात्रों हेतु कुछ आवश्यक निर्देश–

1– नवीन छात्र छात्राएं **FRESH** आवेदन करेंगे व अन्य छात्र **RENEWAL** ऑनलाइन आवेदन करेंगे।

2– संस्था में अध्ययनरत ऐसे छात्र–छात्राऐं जिन्होंने इस संस्था में पूर्व में दशमोत्तर छात्रवृत्ति हेतु आवेदन नही किया परन्तु वर्तमान सत्र 2025–26 में पहली बार आवेदन करना चाहते है, ऐसे छात्र–छात्राएं **FRESH** आवेदन करेंगे।

3– नवीन छात्र–छात्राएं अपने अभिभावक/संरक्षक का ही आयप्रमाण पत्र बनवाये, न कि स्वयं का । आयप्रमाण पत्र उ0प्र0 राजस्व की वेबसाइट पर प्रदर्शित होना चाहिए।

4– **RENEWAL** ऑनलाइन आवेदन करने वाले छात्र–छात्राएं अपने अभिभावक/संरक्षक का आयप्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र जो कि छात्रवृत्ति हेतु पूर्व में लगाया था, लगा सकते है बशर्ते आय प्रमाण पत्र उ0प्र0 राजस्व की वेबसाइट पर प्रदर्शित होना चाहिए।

5– सभी छात्रवृत्ति हेतु अर्ह छात्र–छात्राएं अपने बैंक खाते में D.B.T. ACTIVATE व NPCI seeding अवश्य करा लें। बैंक खाते में अधिकतम लिमिट लगी रहती है। बैंक खाता छात्रवृत्ति आने के समय तक पूर्णतया संचालित रहना चाहिए।

6– छात्रवृत्ति हेतु छात्रों के शिक्षण सत्र के दौरान रिज़ल्ट 50% या उससे अधिक होना अनिवार्य है।

7– छात्रवृत्ति हेतु छात्रों के शिक्षण सत्र के दौरान उपस्थिति 75% या उससे अधिक होना अनिवार्य है।

8– नवीन व ऐसे छात्र–छात्राऐं जिनका रिजल्ट अभी तक नही आया है, वे छात्र–छात्राएं Result not yet declared विकल्प का प्रयोग करके फार्म भरेंगे।

9– सभी छात्र–छात्राऐं पूर्ण सावधानी के साथ अपना फार्म भरेंगे। फार्म में गलती होने की दशा में छात्रवृत्ति न आने पर छात्र स्वयं जिम्मेदार होंगे।

प्रधानाचार्य
महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कालेज, झाँसी।

संख्याः 5580 /दशमोत्तर छात्रवृत्ति/2025–26/एस0सी0–3 तद्दिनाँकः

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

1– डीन एकेडिमिक, महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कालेज, झाँसी। 2– अधीक्षक छात्रावास सी0वी0 रमन, धनवन्तरि एवं तथा बालिका छात्रावास को, छात्र/छात्राओं के मध्य परिचालनार्थ।

3– निर्देशक पैरामेडिकल कालेज झाँसी को इस आशय से कि छात्रावासो में चस्पा कर छात्रो को अवगत करा दे।

4– विभागाध्यक्ष पैथोलॉजी/रेडियोलॉजी विभाग को इस आशय से कि छात्रो के छात्रवृत्ति फार्म जाँच करके संस्तुति कर प्रेषित करे। 4– नोटिस बोर्ड ।

5– प्रभारी अधिकारी वेवसाइट को इस आशय से कि उपरोक्त पत्र को कालेज की वेबसाइट पर प्रदर्शित कराना सुनिश्चित करें।

प्रधानाचार्य,
महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कालेज, झाँसी।